सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-269**
18/06/2017

बिहार विभूति डॉ0 अनुग्रह नारायण सिंह की जयंती पर उन्हें शत्–शत् नमन किया गया

पटना 18 जून 2017 :– बिहार विभूति डॉ0 अनुग्रह नारायण सिंह की जयंती आज राज्य में पूरे हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाई गई।

पटना में बिहार विभूति डॉ0 अनुग्रह नारायण सिंह की जयंती पर राजकीय जयंती समारोह का आयोजन बिहार विधानमंडल परिसर में अवस्थित बिहार विभूति डॉ0 अनुग्रह नारायण सिंह प्रतिमा प्रांगण में किया गया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शत्–शत् नमन किया।

इस अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री श्याम रजक, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधीजी सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी बिहार विभूति डॉ0 अनुग्रह नारायण सिंह के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर आरती पूजन एवं भजन सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

******